उत्तर प्रदेश राज्य लखनऊ

पूर्व मंत्री गोरख निषाद के निधन पर शोकसभा का आयोजन

₹15.55▼

DN VERMA · December 8, 2025 3 Less than a minute

लखनऊ : विराम खण्ड-5, गोमतीनगर, जनकल्याण समिति द्वारा समिति के संरक्षक रहे गोरख प्रसाद निषाद की आत्मा की शान्ति और दुखी परिवार को संवेदना व्यक्त करने हेतु रविवार को एक शोकसभा का आयोजन 'अमर शहीद चंद्र शेखर आज़ाद पार्क' विराम खंड-5 में किया गया। बता दें कि पूर्व पशुधन मंत्री का निधन 28 नवंबर को हो गया था। उनका दाह संस्कार 29 नवंबर को सरजू जी में गृह जनपद देवरिया बरहज में किया गया।

शोक सभा में जनकल्याण उपसमिति विराम -5 अध्यक्ष, डॉ. भरत राज सिंह, खण्ड प्रभारी राकेश जेतली, एस.बी.एल. मेहरोत्रा, मनोज शर्मा, प्रचार- प्रसार अधिकारी, अधिवक्ता, नित्यानंद पाण्डेय, आरएन सिंह, मुख्य प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयं सेवक, गोमतीनगर व सम्मानित निवासी गण ने पुष्पांजलि तथा 2 मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।